हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 6 मई 2026


तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .6 डिग्री


12 प्रचार के आखिरी दौर में दलों ने ताकत झोंकी...



12 विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सुधारात्मक...




## खबर संक्षेप

### 80 फीडरों पर गुल रही बिजली

**अंबाला।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार चली हवा ने काफी नुकसान किया। 10 से अधिक पेड़ उखड़ गए। 80 फीडरों पर बिजली गुल हो गई। कई फीडरों पर तो एक से डेढ़ घंटे बाद बिजली सुचारू हो सकी। आंधी के बाद तेज बारिश से कुछ क्षेत्रों में जलभराव भी देखने को मिला। आंधी के दौरान काले बादल इस कदर छाए कि दिन निकलते ही अंधेरा छा गया। आंधी में लोगों का खड़े होना भी मुश्किल हो रहा था। लोगों के घरों की छत पर रखा सामान भी हवा में गिरता दिखाई दिया। बारिश के कारण दिन का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

### एक किलो हेरोइन तस्करी में गिरफ्तारी

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने नशा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क पर चोट करते हुए 1 किलो हेरोइन मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सहायक उप-निरीक्षक राजेश कुमार व उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि इसी मामले में 10 अप्रैल 2026 को मुख्य आरोपी आरीमन को 1 किलो हेरोइन सहित कविता विहार से गिरफ्तार किया था। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस अब तक इस केस में कुल चार आरोपियों को पकड़ चुकी है। आरोपी राहुल को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



### ट्रैवलर वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की ट्रैवलर वैन को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल तथा सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र नीतिका भारद्वाज द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सीजेएम डीएलएसए ने बताया कि यह ट्रैवलर वैन पूरे मई माह तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र में रहेगी। इस दौरान इस ट्रैवलर वैन में पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वालंटियर्स जिले के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर आमजन को नालसा, हालसा की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। ट्रैवलर वैन ने गांव ज्योतिसर, कैथल खुर्द एवं खिजरपुरा का दौरा किया, जहां पैनल अधिवक्ता नीलम रानी एवं पीएलवी पूनम द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा कानूनी सहायता के साथ-साथ नालसा, हालसा की योजनाओं एवं अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और सचिव को सौंपा ज्ञापन

# अनाज मंडी में उठान व पेमेंट को लेकर आढ़तियों और किसानों का फूटा गुस्सा

> आढ़तियों ने आरोप लगाया कि फूड एंड सप्लाई विभाग की कार्यप्रणाली से वे बेहद परेशान हैं। मंडी में करीब डेढ़ लाख कट्टा गेहूं पड़ा हुआ है लेकिन उठान नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में गेहूं के उठान और भुगतान में देरी को लेकर मंगलवार को आढ़तियों और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में आढ़ती मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और सचिव संजीव सचदेवा को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

आढ़तियों ने आरोप लगाया कि फूड एंड सप्लाई विभाग की कार्यप्रणाली से वे बेहद परेशान हैं। मंडी में करीब डेढ़ लाख कट्टा गेहूं पड़ा हुआ है, लेकिन उठान नहीं हो रहा। इसके चलते मंडी में जगह की भारी कमी हो गई है और ऊपर से मौसम भी खराब होने की आशंका बनी हुई है। अगर बारिश होती है तो गेहूं खराब होने का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे किसानों और आढ़तियों दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से 72 घंटे के भीतर भुगतान का प्रावधान है, लेकिन कई दिनों बाद भी किसानों के खातों में पैसे नहीं पहुंच रहे। भुगतान प्रक्रिया में होने की बात कही जा रही है, लेकिन धरातल पर भुगतान नहीं मिल रहा, जिससे किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।



तरावड़ी। मार्केट कमेटी कार्यालय में सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता व आढ़ती।

#### प्रभावी कार्रवाई करने की मांग

मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि मंडी की स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है। उठान में देरी और पेमेंट रुकने से आढ़ती और किसान दोनों परेशान हैं। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो नुकसान बढ़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

#### जल्द गेहूं का करवाया जाए उठान

आढ़तियों ने कहा कि इस संबंध में पहले भी एसडीएम और एडीसी को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गेहूं का उठान करवाया जाए और किसानों की लंबित पेमेंट तुरंत जारी की जाए।

#### प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई

ज्ञापन के दौरान मंडी में भारी संख्या में आढ़ती मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। इस मौके पर ब्रजमोहन गर्ग, दुर्गेश मित्तल, राजेश गर्ग, रामनिवास बंसल, रामकुमार शर्मा, सुरेश सिंगला, प्यारा लाल काठपाल तथा कृष्ण राणा पधाना सहित कई प्रमुख आढ़ती व व्यापारी मौजूद रहे।

### जान से मारने का प्रयास

# युवक पर गंडासी व डंडों से किया हमला

» दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव बाल छप्पर में रंजिश के चलते दो युवकों ने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर गांव के संदीप कुमार पर गंडासी व डंडों से हमला कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। घायल संदीप कुमार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बाल छप्पर निवासी संदीप कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले आर्यन व अभिषेक के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। संदीप कुमार ने बताया कि दो मई को वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आर्यन व अभिषेक ने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया और उस पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया।

#### अज्ञात ने युवक पर किया जानलेवा हमला

आजाद नगर गली नंबर छह निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह ऑटो चलाता है। रात करीब साढ़े 10 बजे उसके भाई रवि के दो दोस्त उसके पास पहुंचे और बताया कि रवि गली नंबर दो के बाहर सड़क पर खून से लथपथ पड़ा हुआ है। यह सुनते ही वह परिजनों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचा। रवि के सिर में गहरी चोट थी और वह बेसूध खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। उसने आरोप लगाया कि उसके भाई रवि पर कुछ युवकों ने डंडों या किसी भारी वस्तु से बेरहमी से वार किया है। मौके पर डायल 112 की टीम भी मौजूद थी। इसके बाद रवि को सिविल अस्पताल यमुनानगर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी

- आरोपी पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-15 निवासी एक व्यक्ति ने ऋषभ पांडव पर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 15 निवासी एक व्यक्ति ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी ऋषभ पांडव के साथ जान पहचान थी। 12 अप्रैल को आरोपी उसे पुराना सहारनपुर रोड स्थित सागर प्लाईवुड फैक्ट्री के पास मिला। इस दौरान आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद वह बेसुध हो गया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने उसे पैसों की मांग की मगर उसने आरोपी को पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद भी आरोपी उसे बार-बार ब्लैकमेल करता रहा। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ शहर जगाधरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### विशेष लोक अदालत में आपसी सहमति से किया जाता मामलों का निपटारा

**कुरुक्षेत्र।** विशेष लोक अदालत 2026 के आयोजन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं आमजन के निकट लाने के उद्देश्य से वर्ष 2026 में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण अभियान 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का निपटारा आपसी सहमति, सुलह एवं संवाद के माध्यम से किया जाएगा। यह पहल पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के स्थान पर एक सहयोगात्मक एवं सहभागी न्याय प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिसे आम भाषा में जनता की अदालत भी कहा जाता है। इस आयोजन से पूर्व राज्य, जिला एवं तालुका स्तर पर स्थापित मध्यस्थता केंद्रों में सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जहां पक्षकारों को आपसी समझौते के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# नपा कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

» प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम मेयर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अपनी मांगो को लेकर मंगलवार को निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम मेयर सुमन बहमनी को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की।

मंगलवार सुबह नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े नगर निगम के सैकड़ों सफाई कर्मचारी इकाई के उप प्रधान जनक राज के नेतृत्व में निगम कार्यालय के समक्ष पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगो को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई उप प्रधान जनक राज व सचिव सुभाष आदि कर्मचारी नेताओं ने बताया कि वह अपनी मांगो को लेकर पिछले लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे जल्द नहीं मानी गई तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई प्रधान पपला, सह सचिव संजीत तिगरा, उप प्रधान रमन, उपप्रधान सनी, सौरण, श्याम लाल, संजय आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम मेयर को ज्ञापन सौंपने जाते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### चोरों ने दुकान की छत फाड़ कर चुराया हजारों रुपये का सामान

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव बलाचौर स्थित करियाना दुकान की छत फाड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बलाचौर निवासी रोशन पाल ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के पास ही करियाना की दुकान है। तीन मई की रात को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे दुकान में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान की छत टूटी हुई थी। रोशन पाल ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान से गैस सिलेंडर, 51 सौ रुपये, नमकीन, खाने का सामान, बल्ब की पेटी, ठंडे की बोतले, साबुन, चाय पत्ती, गुटका, तंबाकू, सरसों का तेल, नारियल तेल, मिर्च मसाला, धनिया, जीरा व अन्य सामान चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 42 हजार रुपये है। रोशन पाल ने बताया कि जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि उसकी दुकान में चोरी अनिल कुमार व दलजीत ने की है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# छात्रों और सिक्योरिटी गार्ड के बीच झड़प

### एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुख्य गेट पर काटा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

इसराना के एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुख्य गेट पर आज सुबह सिक्योरिटी गार्ड ओर एमबीबीएस के तृतीय वर्ष के छात्र के बीच उस समय विवाद हो गया जब छात्र के साथ किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। देखते-देखते ही कुछ छात्र गेट पर जुटने लगे ओर छात्रों ने मेडिकल कॉलेज के गेट को बंद करने का प्रयास किया।

इसी को लेकर सिक्योरिटी गार्ड ओर छात्रों में बवाल हो गया। एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तृतीय वर्ष के एमबीबीएस का छात्र विशाल सुबह गाड़ी लेकर पहुंचा तो गेट पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उसे रोका और पास दिखाने को कहा तो छात्र तैश में आ गया और वह सिक्योरटी गार्ड से उलझ गया। यही नहीं छात्र विशाल ने होस्टल में रह रहे अन्य छात्रों को गेट पर बुला लिया। जिसके बाद देखते ही देखते हुए गेट पर छात्रों की भीड़ जुट गई।

वहीं सूचना मिलने पर कालेज के सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा दोनों पक्षों को समझा कर मामले को शांत कराया। वहीं एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रिंसिपल मेजर जनरल डॉ. पीके सिंह ने बताया कि मुख्य गेट पर सिक्योरिटी गार्ड ओर एमबीबीएस छात्र के बीच कहासुनी हुई थी। छात्रों व सुरक्षा कर्मी को समझाया गया है अब किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है।



इसराना। कॉलेज के मुख्य गेट पर बवाल काटते छात्र। फोटो : हरिभूमि

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की जान गई

- जगाधरी के मिहिर भोज चौक के पास हुआ हादसा

**यमुनानगर।** जगाधरी के मिहिर भोज चौक के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रामनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी राहुल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव मुकारमपुर निवासी गौरव तीन मई को किसी काम से जगाधरी आया था। रात को साढ़े 11 बजे वह वापस घर लौट रहा था तो मिहिर भोज चौक के पास अज्ञात वाहन ने गौरव की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल गौरव को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पानीपत। योग कराते तहसील प्रभारी बलवान सिंह। फोटो : हरिभूमि

# योग से संभव है बिमारियों से बचाव : बलवान सिंह

**पानीपत।** शहर के राम लाल स्कूल में आज पतंजली योग समिति के तहसील प्रभारी बलवान सिंह ने योग की क्लास ली तथा साधकों को कई प्रकार के योग कराए। बलवान सिंह ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के व्यस्त व बिगड़े खान-पान की वजह से अधिकतर इंसान बिमारियों की चपेट में हैं। ऐसे में एकमात्र योग ही है जो उनको बिमारियों से बचा सकता है। स्वस्थ्य शरीर व स्वस्थ दिमाग के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर आकाश त्यागी, हरबंस लाल गाबा, प्रेम मनचंदा, नरेश सैनी, कुसुम गर्ग, पुष्पा देवी, बीरमति, कमलेश व पूनम गुलाटी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कनाड़ा भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी

**बराड़ा।** कनाडा भेजने के नाम पर लुधियाना के बस्ती जोधेवाल के निर्मल वर्मा से 29.74 लाख की ठगी की गई। आरोपियों ने पीड़ित की बेटी, बहन और भतीजे को कनाडा भेजने का झांसा दिया था। आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद पुलिस ने सुनार निर्मल वर्मा की शिकायत पर बराड़ा के संदीप कुमार व उसके पिता जगदीश चंद पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। निर्मल वर्मा ने बताया कि वह सुनार का काम करते हैं। वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात आरोपियों से हुई थी। आरोपियों ने खुद को विदेश भेजने का बड़ा एजेंट बताया व परिवार के तीन सदस्यों को कनाडा में सैटल करवाने का भरोसा दिया था। पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने न तो विदेश भेजा और न ही पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज वापस किए और अब धमका रहे हैं।

**समस्या** राहगीर और वाहन चालक परेशान, हर समय हादसे का बना रहता खतरा

# टी-पॉइंट पर बने पुल के नीचे अतिक्रमण से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी जीटी रोड के टी-पॉइंट पर बने पुल के नीचे अवैध अतिक्रमण के कारण आमजन और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल के ठीक मोड़ के नीचे रेहडी-फड़ी लगाकर फल बेचने वाले, मिल्कशेक की रेहड़ी और दूसरी ओर ऑटो व छोटे टेंपो खड़े होने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।

स्थिति यह है कि पुल के मोड़ पर खड़े इन वाहनों और फड़ियों के कारण सामने से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां पहले भी एक-दो हादसे हो चुके हैं, जिनमें एक व्यक्ति की जान जा चुकी है। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।




तरावड़ी। जीटी रोड पुल के नीचे आटो, रेहड़ी व फड़ी वालों ने किया हुआ अतिक्रमण। फोटो : हरिभूमि

#### पुलिस प्रशासन की अनदेखी

*इस मार्ग से रोजाना राईस मिलों से सैकड़ों की संख्या में भारी वाहन, ट्रॉली और कंटेनर गुजरते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते यह अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है।*

#### थ्री-व्हीलर घेर लेते हैं आधा रास्ता

राहगीरों का कहना है कि जब लोग फल या अन्य सामान खरीदने के लिए सड़क किनारे रुकते हैं या सड़क पार करते हैं, तो उन्हें सामने से आने वाले वाहन का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी कारण कई बार लोग अचानक वाहनों की चपेट में आने से बाल-बाल बचते हैं। दूसरी ओर, पुल के नीचे दोनों तरफ खड़े ऑटो और थ्री-व्हीलर आधा रास्ता घेर लेते हैं, जिससे जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

#### अवैध अतिक्रमण हटाया जाए

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल के नीचे से जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण हटाया जाए और वहां नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि यातायात सुचारू हो सके और भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर रोपे पौधे

**करनाल।** बुद्धिजीवी विचार मंच की करनाल इकाई ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन पारंपरिक कार्यक्रमों के बजाय सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए मनाया। कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गौशालाओं में सेवा कार्य किए, पक्षियों के लिए पानी के पात्र भरकर रखे और पर्यावरण संरक्षण के तहत पेड़-पौधों को पानी दिया।
इस अवसर पर मंच की हरियाणा अध्यक्ष मीना कुमारी ने कहा कि मनोहर लाल ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। उन्होंने पद को जिम्मेदारी के रूप में निभाते हुए हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है। उनके अनुसार, केंद्रीय मंत्री का कार्यशैली एक "राजनीतिक संत" की तरह है, जो समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित है।

### बंगाल की जीत पर मनाया जश्न

**करनाल।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्रवाद और विकास की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर बंगाल की जनता ने अपनी मुहर लगा दी है। यह जीत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'एक विधान, एक संविधान' के सपने को पूर्ण करने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। हरियाणा मॉडल की देशभर में गूंजः विधायक ने विशेष रूप से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सादगी और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का लोहा अब अन्य राज्यों की जनता भी मान रही है।

### महापौर रेणु बाला गुप्ता और विधायक ने रोपे पौधे

**करनाल।** ग्रीन हरियाणा-क्लीन हरियाणा' के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय 'कर्ण कमल' में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन पर्यावरण उत्सव के रूप में मनाया गया। महापौर रेणु बाला गुप्ता और विधायक जगमोहन आनंद ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे रोपे।

### 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**करनाल।** आमजन को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपनी कमर कस ली है। मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के दिशा-निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं सचिव मीनाक्षी यादव ने नवनियुक्त पैनल अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक की। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत और 'समाधान समारोह' ड्राइव रहा।

## महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने हाथों से परोसा प्रेम का भोजन

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर निशक्त बच्चों को करवाया भोजन

**संस्था की चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नर सेवा ही नारायण सेवा/" के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए मंगलवार को देश के केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिवस करनाल में सेवा, सादगी और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र में एक भव्य भंडारे और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के राजनीतिक गलियारों से लेकर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और विशेष बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं।

अंत्योदय का विजनः भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर और जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ने संयुक्त रूप से कहा कि मनोहर लाल ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति (अंत्योदय) के उत्थान को प्राथमिकता दी है। संस्था की चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा एडवोकेट, अशोक भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी और रमेश मिढ़ा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इसी तरह निस्वार्थ भाव से समाज के वंचित वर्गों की सेवा करते रहेंगे। अंत में सभी ने मंत्री जी के दीर्घायु होने की प्रार्थना की।


करनाल। निशक्तजन कल्याण केंद्र में बच्चों को स्नेहपूर्वक भोजन वितरित करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं अन्य गणमान्य नेता। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों के बीच भावुक हुईं महापौर

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर रेणु बाला गुप्ता कार्यक्रम के दौरान उस समय भावुक हो गईं, जब उन्होंने नन्हें बच्चों के बीच बैठकर उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसा। बच्चों के खिलखिलाते चेहरों और उनकी मासूम मुस्कान ने वहां मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया। महापौर ने कहा कि इन विशेष बच्चों की सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची इबादत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मनोहर लाल का संपूर्ण जीवन त्याग और जनकल्याण के लिए समर्पित है, और उनके जन्मदिन को इस तरह सेवा भाव से मनाना ही उनके प्रति कार्यकर्ताओं का सच्चा सम्मान है।


इंद्री। इंद्री के हर्बल पार्क में पौधारोपण करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर हवन-यज्ञ कर किया पौधरोपण

**इंद्री।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस के अवसर पर इंद्री के देवी मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने भाग लिया और पूर्ण आहुति डाली। इसके बाद उन्होंने हर्बल पार्क इंद्री में 72 औषधीय व फलदार पौधे लगाए । विधायक ने केन्द्रीय मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। उन्होने ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए व्यवस्था परिवर्तन कर प्रदेश के समावेशी विकास की जो परिकल्पना की थी, अब उसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में बनी व्यवस्था परिवर्तन, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास व पारदर्शी प्रशासन और अंत्योदय उत्थान का साक्षी रहा है। आज हरियाणा के विकास की दशा व दिशा पूरी तरह बदल गई है। अब केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने सदैव जनहित को प्राथमिकता दी है। उनके मार्गदर्शन में इंद्री सहित पूरे प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। इस अवसर पर मार्किट कमेटी इंद्री के चेयरमैन महेन्द्र पंजोखरा, विजय कश्यप, राम मेहर शर्मा, रमन सैनी, इंद्र प्रताप सिंह, कुलवंत बेदी, सेठपाल वर्मा, अमित गोयल, जय प्रकाश बंसल, गोपाल शर्मा, पाला राम व वेद शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### नरसिंह स्कूल में मनोहर लाल का जन्मदिन मनाया

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी के 72वें जन्मदिन के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व अध्यापक वर्ग द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया और उनके जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यार्थियों में प्रसाद भी बांटा गया। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने खट्टर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे वर्तमान समय में केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। खट्टर जी को हरियाणा में भाजपा की पकड़ मजबूत करने और बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरियां जैसी पारदर्शी नीतियों के लिए जाना जाता है। वे दो कार्यकाल(10 वर्ष) हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे हैं। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी वर्ग एवं अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।


इंद्री। ग्राम सचिवों को दिशा-निर्देश देते खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्विनी कांबोज।

### गेहूं फसल अवशेष न जलाने की करवाएं मुनादी

**इंद्री।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इंद्री में खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्विनी कांबोज की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. अश्वनी कांबोज ने ग्राम सचिवों को गेहूं फसल अवशेष न जलाने देने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी ग्राम सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि वे गेहूं फसल अवशेष न जलाने बारे सभी गांवों में मुनादी करवाएं व ग्राम सरपंचों व ग्राम स्तरीय जन प्रतिनिधियों को भी इसके बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान फसल अवशेषों में आग लगाता है तो उनको 5 हजार से 30 हजार रुपये तक जुर्माना तथा उनके खिलाफ एफआईआर व रेड एंट्री का प्रावधान है तथा उस किसान की फसल मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भी नहीं बिकेगी। इस अवसर पर एसईपीओ बलकार सिंह, राम निवास, अनिता, पूजा देवी, कुसुम देवी, लीसा गुप्ता व अन्य ग्राम सचिव मौजूद रहे।

# भाभी ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए तो वीडियो बनाकर देवर ने किया सुसाइड

- मारपीट और पैसों के विवाद के बीच उठाया खौफनाक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के कुंजपुरा क्षेत्र में एक युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक ने यह कदम उठाने से पहले एक वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने अपनी मौत का जिक्र किया। घटना के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है, जबकि परिजनों ने मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतक की पहचान 35 वर्षीय जोगिंद्र के रूप में हुई है, जो मूल रूप से चंडीगढ़ का रहने वाला था और करनाल में कबाड़ मार्केट में पॉलिश का काम करता था। वह दो बच्चों का पिता था। बताया जा रहा है कि उसका अपने भाई पवन के साथ पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था, जिससे परिवार में तनाव बना हुआ था। परिजनों के अनुसार 2 मई को विवाद ने तूल पकड़ लिया, जब पवन की पत्नी ने अपने मायके पक्ष के लोगों को घर बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद जोगिंद्र के साथ मारपीट की गई, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं और उसके दांत तक टूट गए। इसके बाद उसके खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत भी दर्ज कराई गई, जिससे वह मानसिक रूप से काफी आहत हो गया था। सोमवार शाम को जोगिंद्र ने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी बेटी ने सबसे पहले उसे फंदे पर लटका देखा और शोर मचाया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कारागार में कैदियों के लिए योग शिविर शुरू

- 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का शंखनाद
- आयुष विभाग ने सिखाए मानसिक शांति के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के कुशल निर्देशन में हरियाणा योग आयोग तथा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार से जिला कारागार में एक विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर आगामी 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को समर्पित है, जो 5 मई से 9 मई 2026 तक निरंतर चलेगा। शिविर के पहले ही दिन जेल की सलाखों के पीछे एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला, जब लगभग 450 कैदियों ने एक साथ योगाभ्यास किया। मानसिक स्वास्थ्य पर जोरः जेल अधीक्षक लखबीर सिंह और डीएसपी सुरेंद्र, धर्मचंद नैन व नीलम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने बंदियों को योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक अजय और राजेश ने अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर और बैठकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया। डॉ. अमित ने विशेष रूप से 'ध्यान' (अष्टांग योग का सातवां अंग) पर जोर देते हुए बताया कि अपराध बोध से मुक्ति और मन की शांति के लिए ध्यान सबसे कारगर उपाय है। मोक्ष और शांति का मार्गः विशेषज्ञों ने बताया कि नाड़ी शोधन प्राणायाम के नियमित 10 मिनट के अभ्यास से न केवल शारीरिक विकार दूर होते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन भी बना रहता है। कैदियों को बताया गया कि योग केवल कसरत नहीं, बल्कि स्वयं को जानने और मोक्ष प्राप्ति की दिशा में एक कदम है। शिविर के पहले दिन का समापन शांति पाठ और मंत्रोच्चार के साथ हुआ।


करनाल। जिला कारागार परिसर में योग प्रशिक्षकों के साथ अनुशासित ढंग से योगाभ्यास करते बंदी। फोटो : हरिभूमि


इंद्री। फ्री बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुरू करते खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान। फोटो : हरिभूमि

### खेड़ा स्कूल के छात्र व छात्राओं के लिए फ्री बस सेवा शुरू

**इंद्री।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ा के छात्र व छात्राओं के लिए फ्री बस सेवा शुरू होने से बच्चों तथा उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल है। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान ने बस को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि बस सेवा शुरू होने से अभिभावकों को लड़कियों के प्रति होने वाली चिंता से मुक्ति मिलेगी तथा लड़कियां सर्दी, अत्यधिक गर्मी बरसात में सुरक्षित निर्बाध रूप से समय पर विद्यालय में पहुंच पाएगीं। उन्होंने कहा कि सहज और सुलभ यातायात व्यवस्था बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी तथा उनके अंदर उत्साह का संचार भी होगा। उन्होने बताया कि बस सेवा शुरू होने से छानो, नन्हेड़ा कलरी खालसा, इस्लामनगर तथा डेरा रामनगर के बच्चे इस फ्री बस सेवा का फायदा उठा सकेंगे।

# मधुबन पुलिस अकादमी योग प्रशिक्षण में 1500 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

- मधुबन पुलिस अकादमी में पांच दिवसीय प्रोटोकॉल कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मधुबन

हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन करीब 1500 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम 7 मई तक जारी रहेगा।

योग आयोग हरियाणा और हरियाणा पुलिस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रातःकालीन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मनीषा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज और अकादमी के योग प्रशिक्षक मुख्य सिपाही अनिल कुमार ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसी योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। डॉ. अमित पुंज ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि संपूर्ण जीवनशैली है, जो शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को संतुलित बनाती है।




तरावड़ी। स्कूल में पंखें प्रदान करते समाजसेवी चौधरी रामसिंह नम्बरदार एवं **यशपाल सिंगला।**

### राजकीय स्कूल में बच्चों की सुविधा के लिए दिए 20 पंखे

**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में प्रधानाचार्य नवीन कुमार की अध्यक्षता में समाजसेवी चौधरी रामसिंह नम्बरदार के सहयोग से यशपाल सिंगला के सौजन्य से स्कूल में 20 पंखें बच्चों की सुविधा को देखते हुए प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों की सुविधा के लिए जो 20 पंखे उपलब्ध करवाने गए है, उससे बच्चों को बहुत राहत मिलेगी और अब कक्षाओं में पढ़ाई का माहौल पहले से अधिक अनुकूल होगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छात्रों को पढ़ाई में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह कदम उठाया गया, जो एक सराहनीय पहल है।


करनाल। स्कूल में पंखे प्रदान करते समाजसेवी चौधरी रामसिंह नम्बरदार एवं यशपाल सिंगला। फोटो : हरिभूमि

### महान जरनैल जस्सा सिंह रामगढ़िया को जयंती पर श्रद्धापूर्वक किया नमन

**करनाल।** सिख कौम के महान योद्धा सरदार जस्सा सिंह रामगढ़िया के जन्मदिन पर करनाल में श्रद्धा और सम्मान के साथ उन्हें याद किया गया। रेलवे रोड स्थित जस्सा सिंह रामगढ़िया चौक को फूलों से सजाया गया, जहां संगत ने अरदास कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद लड्डू बांटकर जन्मदिन की खुशी साझा की गई।
कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके साहस और ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए बताया कि 18वीं सदी में जस्सा सिंह रामगढ़िया ने रामगढ़िया मिसल की स्थापना की और सिख इतिहास में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अन्य सिख जरनैलों के साथ मिलकर मुगलों को परास्त कर दिल्ली के लाल किले पर खालसा पंथ का निशान साहिब फहराया था।
वक्ताओं ने यह भी बताया कि उन्होंने मुगल सत्ता के प्रतीक तख्त-ए-ताऊस को ध्वस्त कर उसके पत्थर अमृतसर ले जाकर स्थापित किए, जो आज भी श्री दरबार साहिब परिसर में सिख गौरव के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।

## कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग पर अड़े कर्मचारी

# हड़ताल दो दिन और बढ़ी, आज-कल भी रहेगी सफाई व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगरपालिका कर्मचारी संघ ने अपनी राज्यव्यापी हड़ताल को दो दिन और बढ़ाने का ऐलान किया है। अब 6 और 7 मई को भी सफाई कार्य पूरी तरह ठप्प रहेगा। यह हड़ताल 1 मई से लगातार जारी है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

नगर निगम कार्यालय के सामने चल रहे धरने की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजकुमार ने की, जबकि संचालन संगठन सचिव बिंदर चौहान ने संभाला। राजकुमार ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि बार-बार अवगत कराने के बावजूद सरकार कर्मचारियों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को स्थायी करना, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, ठेका प्रथा समाप्त करना, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये लागू करना और कौशल विभाग के पदों पर समायोजन शामिल है। धरने को अध्यापक संघ के पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष उधम सिंह राठी ने भी समर्थन दिया। इस दौरान राजिंदर बुम्बक, धर्मवीर, नरेश अठवाल, अमित, राजीव, विनोद, महाबीर, महेंद्र, सरोज, मीना, सुरेंद्र पांचाल, वीरभान और राम सिंह समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।






**कर्मचारी 8 अप्रैल से लगातार आंदोलनरत हैं और अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जता रहे हैं।**

### दमकल कर्मचारियों की हड़ताल 10 मई तक बढ़ी, भूख हड़ताल जारी

करना। हरियाणा में अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल अब 10 मई तक जारी रहेगी। कर्मचारी 8 अप्रैल से लगातार आंदोलनरत हैं और अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जता रहे हैं। सेक्टर-4 स्थित दमकल केंद्र पर रोजाना भूख हड़ताल भी जारी है, जिसमें 10 कर्मचारी क्रमवार भाग ले रहे हैं धरने की अध्यक्षता यूनियन प्रधान संदीप त्यागी ने की, जबकि संचालन सुनील कुमार ने किया। संदीप त्यागी ने सरकार पर कर्मचारियों के प्रति कठोर रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती आगजनी की घटनाओं के बीच कर्मचारियों की हड़ताल का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद सरकार समस्या का समाधान निकालने में विफल रही है। उन्होंने समान काम के लिए समान वेतन और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। भूख हड़ताल में शामिल कर्मचारियों में सतपाल, रमेश, प्रदीप, धर्मवीर, विनोद, राजेश, जसमीत, विशाल गुप्ता, मोहनलाल और अर्जुन शामिल रहे।

### मेहनत, किस्मत और ईमानदारी के मनोहर संगम का नाम ही मनोहर लाल

# भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में मनाया मनोहर लाल का जन्मदिन

■ भाजपा नेताओं ने हवन यज्ञकर दी आहुति, की दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। हवन में भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता, मेयर कोमल सैनी, विधायक प्रमोद विज, शिक्षा मंत्री के बड़े भाई हरपाल ढांडा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, समालखा नगर पालिका के चेयरमैन अशोक कुच्छल, कृष्ण, मीना गुर्जर, नरेश बेनिवाल, सुनील कंसल, सुमित जागलान, ओम दत आर्य, धर्मपाल जागलान, जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने आहुति दी। जबकि राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। ज्योतिष आचार्य गया प्रसाद ने वैदिक विधि विधान से यज्ञ संपन करवाया। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल जैसे विकास पुरुष विरले ही पैदा होते हैं। मेहनत, किस्मत और ईमानदारी के मनोहर संगम का नाम ही मनोहर लाल है। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि उर्जा मंत्री मनोहर लाल राष्ट्रसेवा को समर्पित ऐसे जननायक हैं जिन्होंने राष्ट्र प्रथम का द्रष्टिकोण अपनाते हुए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा कि ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने अनुशासन सेवा अटूट प्रतिबद्धता का अदभुत उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया कि देश की जनता अब भय भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रोहतक के गाँव के एक साधारण परिवार में जन्म लिया और सादगी और परिश्रम से जीवन का शुभारंभ किया। उन्होंने सफलता के शिखर पर पहुँचने के लिए लालसा को नहीं सादगी और सरलता के मार्ग को अपनाया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जैसे कर्मठ और ईमानदार नेता जिन्होंने अपना सारा जीवन भाजपा को समर्पित किया आज 18 करोड़ से अधिक भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं सभी देशभक्त और राष्ट्रवादी नागरिक उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर राजेद्र हलदाना, प्रमोद शर्मा, समुंदर जागलान, सतीश सहगल, कृष्ण छोक्कर,ईसम पांचाल, भावना जैन,बिजेंद्र पांचाल, रेशमा राजपूत, रविंद्र पांचाल, देव मलिक, सोनिया गाबा, प्रवीन मदान, संजय अग्रवाल व मधु



पानीपत। श्याम कमल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की दीर्घायु के लिए हवन में आहूति देते सांसद संजय भाटिया, जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, हरपाल ढांडा ।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर विधायक विज ने सामाजिक संस्थाओं को भेंट किए 31 लाख

■ कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मनोहर लाल की दीर्घायु के लिए किया हवन

पानीपत। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, मेयर कोमल सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र दत्ता, सुनील सोनी ने कार्यकर्ताओं के साथ हवन यज्ञ कर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की दीर्घायु हेतु प्रार्थना की। इस दौरान संत अरुणदास महाराज, दाऊ जी महाराज, ब्रह्मर्षि जी महाराज, नरेशानंद जी महाराज भी मौजूद रहे। वहीं विधायक विज ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की दीर्घायु हेतु सामाजिक संस्थाओं को 31 लाख रुपये की धनराशि वितरित की। विज ने 11 ट्राली हरा चारा गौशालाओं के लिए रवाना किया। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल राजनीति के संत हैं। वे कर्मयोगी राजनेता हैं जो हरियाणा एवं देश के विकास हेतु सदैव कार्यरत हैं। वहीं विधायक विज ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के विकास की जो नींव रखी थी आज हरियाणा उस मार्ग पर चलते हुए विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। इस अवसर पर नीरू विज, राहुल विज, पार्षद कमल अरोड़ा, नवल जिंदल, साँची संचित तनेजा, अंजना प्रीतम गुर्जर, अशोक कटारिया, जयदीप अरोड़ा, अमित नारंग, तरुण गाँधी, अनिल मदान, रॉकी गहलोत, अनु अजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, चेतन तनेजा, सचिन सिंगला, विनय अरोड़ा, हिमांशु कटारिया, अमित पंडित, वीरेंद्र तनेजा, दिवाकर मेहता व मुकेश राजपूत आदि मौजूद रहे।



पानीपत। फ्लाईंग क्लब के प्रधान नीतिन अरोड़ा को चैक भेंट करते विधायक प्रमोद विज व सांसद संजय भाटिया ।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



पानीपत। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर डा.हेमा रमन ने प्रदेश के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के साथ वार्ड 26 मनोहर पार्क में पौधरोपण कर एक सकारात्मक संदेश दिया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि उर्जा मंत्री मनोहर लाल राष्ट्र सेवा को समर्पित ऐसे जननायक हैं जिन्होंने राष्ट्र प्रथम, राष्ट्र सर्वोपरि का द्रष्ट्रिकोण अपनाते हुए राष्ट्रवाद को अपना जीवन समर्पत कर दिया। वहीं डा.हेमा रमन ने कहा कि हम सबको अपने जन्मदिन पर एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इसलिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आज पार्क में सौ से अधिक पौधे लगाए गए तथा भविष्य में भी इस प्रकार का अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर वार्ड की पार्षद कुसुम भट्ट, डा.राज रमण, सुमित, संदीप जिंदल आदि मौजूद रहे।

### देवेंद्र कादियान ने हादसे के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया

# जजपा नेता की हैचरी में गई दो युवकों की जान

## बिना सुरक्षा उपकरणों और जानकारी के हॉल में उतरना बना काल

### सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम सेफ्टी किट के साथ सीवर में उतरी तो वहां दोनों मृत पड़े मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र कादियान की हैचरी में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक हैचरी की देखभाल करते थे। हैचरी के निकट से गुजर रही सीवर लाइन की ब्लॉकेज थी, जिसे देखने के लिए दोनों गए थे। इसी दौरान दोनों युवक सीवर लाइन के गहरे गड्ढे में उतर गए। जहां जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। जब काफी देर तक दोनों बाहर नहीं आए तो बाहर खड़े तीसरे साथी ने शोर मचाते हुए पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम सेफ्टी किट के साथ सीवर में उतरी तो वहां दोनों मृत पड़े मिले। इसके बाद दोनों को किसी तरह बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर देवेंद्र कादियान ने इस हादसे के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि हादसे की तुरंत सूचना देने के बावजूद एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची, जिससे दोनों युवकों को समय पर इलाज नहीं मिला और उनकी मौत हो गई। वहीं मृतकों की पहचान सौरव और अजय के रूप में हुई है। ये दोनों युवक जेजेपी नेता देवेंद्र कादियान की हैचरी पर लंबे समय से श्रमिक के तौर पर कार्यरत थे। वहीं मृतक युवकों के घर में इस खबर के बाद से मातम पसरा है।

**जहरीली गैस का जबरदस्त रिसाव**

परिजनों का कहना है कि हॉल के अंदर जहरीली गैस का जबरदस्त रिसाव हो रहा था, जिसकी जानकारी श्रमिकों को नहीं थी। बिना सुरक्षा उपकरणों और जानकारी के हॉल में उतरना उनके लिए काल बन गया।

**मामले की गहनता से की जा रही जांच**

दूसरी तरफ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सेना के लिए लगाए गए रक्तदान शिविर में एकत्रित हुई 127 यूनिट



पानीपत। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदानी व आयोजक । फोटो : हरिभूमि

■ आयोजकों व मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने रक्तदानियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कैलाशी सेवा समिति व श्री श्याम बाबा सेवा समिति चुलकाना धाम द्वारा श्री श्याम मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेना के जवानों के लिए 127 यूनिट रक्त की एकत्रित हुई है। वहीं आयोजकों व मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने रक्तदानियों को सम्मानित किया। रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाते हुए श्री श्याम बाबा सेवा समिति चुलकाना धाम के संरक्षक नरेश सिंगला नादे वाले ने कहा कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति को तीन महीने बाद रक्तदान करना चाहिए। जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाने का कार्य किया जा सके।

इस अवसर पर श्री श्याम बाबा सेवा समिति चुलकाना धाम के मुख्य सेवक रोशन लाल छौक्कर, कैलाशी सेवा समिति के प्रधान अशोक कैलाशी, अनिल कौशिक, सतीश सैनी, कुलदीप गोयल, सुरेश ठेकेदार, आशीष, अनुराधा गुप्ता, सुशील सिंगला, कपिल सिंगला, जेपी शर्मा, मुकेश मित्तल, कुलदीप राणा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बीबीए की फेयरवेल पार्टी में आर्यन मिस्टर और सिद्धि बनी मिस फेयरवेल

पानीपत। आर्यन मिस्टर और सिद्धि को मिस फेयरवेल के अवार्ड से नवाजा गया। इसी के साथ कर्ण को मिस्टर इवनिंग, तन्वी को मिस इवनिंग, वंश गोयल को मिस्टर पर्सनैलिटी और सौम्या को मिस पर्सनैलिटी का खिताब दिया गया। मौका था बिजनेस स्टडीज विभाग की ओर से बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों की फेयरवेल पार्टी का। पाइट कॉलेज में यादें समारोह का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने कॉलेज जीवन की यादों को दोबारा जीते हुए डांस और म्यूजिक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। मुख्य आकर्षण रैंप वॉक रहा। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, विभाग अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, प्रीति दहिया ने छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया।

### नमो ड्रोन दीदी योजना से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं : डीसी दहिया

पानीपत। जिले में महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई नमो ड्रोन दीदी योजना को जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को ड्रोन एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत चयनित महिलाओं को ड्रोन उड़ाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे कृषि कार्यों, भूमि सर्वेक्षण और अन्य आधुनिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इसके साथ ही पात्र महिलाओं को ड्रोन की लागत पर 80 प्रतिशत तक अनुदान या अधिकतम 4 लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें नई तकनीक से जोडने का एक सशक्त माध्यम बन रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा, जहां महिलाएं अब आधुनिक तकनीक के जरिए आय के नए स्रोत तलाश रही हैं।




### क्रिकेट में अंजलि पॉल ने चमकाया आर्य गर्ल्स स्कूल का नाम

पानीपत। अंडर 17 गर्ल्स 69 एसजीएफ आई नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप में हरियाणा ने पहली बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया है । यह प्रतियोगिता हरियाणा के रोहतक जिले में आयोजित की गई थी। हरियाणा के 25 साल के इतिहास में यह पहला अवसर है जब हरियाणा के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में यह मुकाम हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की अंजलि पॉल का प्रदर्शन ऑलराउंडर रहा। अपने इस खिलाड़ी की उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। अंजलि नेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही है। वहीं विद्यालय पहुंचने पर अंजलि का जोरदार स्वागत हुआ। स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा खिलाड़ी एवं कोच को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि संजय त्यागी के कुशल निर्देशन में आर्य गर्ल्स की क्रिकेट टीम ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न

पानीपत। रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिला प्रधान शीशपाल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव सतबीर चालिया ने किया। मीटिंग में मुख्य तौर से राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह मौजूद रहे। जिला प्रधान शीशपाल मलिक ने सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। मीटिंग में फैसला लिया गया कि अग्नि शमन की 8 अप्रैल से चल रही हड़ताल को नगर पालिका द्वारा समर्थन कर रहे हड़ताली साथियों का समर्थन किया। वक्ताओं ने किसानों और मजदूरों से संबंधित मांगों को भी उठाया गया तथा चेतावनी दी की मांगे नहीं मानने पर राज्य स्तर पर आने वाले समय में बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। मीटिंग में मदन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर शर्मा, ईश्वर सिंह प्रधान ब्लाक, मोहर सिंह, रोहतास, सुरिन्दर आदि ने भाग लिया।

## एमबीबीएस-एमडी करने वाले छात्र ने साथी छात्रा से की छेड़छाड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

इसराना के एक निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एमबीबीएस एमडी कर रहा छात्र पर अपने ही कालेज की छात्रा को काफी पिलाने के बहाने छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। वहीं छात्रा की शिकायत पर इसराना थाना में आरोपी छात्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार इसराना स्थित एक निजी मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस एमडी कर रहे छात्र प्रणव ढुल अपने ही कालेज की छात्रा को अपनी गाड़ी में कोफी पिलाने के बहाने बिठाकर कालेज से बाहर ले गया था। वहां पर प्रणव ढुल ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने जानकारी अपने परिजनों को दी ओर छात्रा की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने आरोपी छात्र प्रणव ढुल के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इसराना थाना प्रभारी हरी राम ने बताया है कि कई दिन पहले छात्रा ने अपने ही कालेज के छात्र पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपी की तलाश जारी है। फिलहाल आरोपी फरार है।

## सीपीआई ने किया का.कार्ल मार्क्स को याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भगत सिंह स्मारक में समाजवादी व साम्यवादी अंतर्राष्ट्रीय विचार धारा के जनक का.कार्ल मार्क्स की जयंती पर सीपीआई की पानीपत जिला कौंसिल की ओर से एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सीपीआई के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप व का.सतीश कुमार यादव ने की और संचालन सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने किया।

सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप,पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राम रतन एडवोकेट आदि ने कार्ल मार्क्स के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। सीपीआई नेताओं ने कहा कि आज हमारे देश की सरकार मजदूरों, किसानों के अधिकारों पर हमले कर रही है और देश में बढ रही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए लाउडस्पीकर, बुलडोजर संस्कृति अपना रही है।

## आईबी कॉलेज में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा बीकॉम तथा बीबीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप महाविद्यालय की सबसे अनमोल धरोहर हैं। आपकी मेहनत और अनुशासन ने हमें गर्व महसूस कराया है। हम अपेक्षा करते हैं कि आप अपने मूल्यों और आदर्शों को सदैव बनाए रखेंगे। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने कहा कि आज का यह विदाई समारोह एक यादगार पल है। इस आयोजन में भिन्न-भिन्न गतिविधियों जैसे नृत्य, सामूहिक नृत्य, गायन आदि में भाग लेकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर अजय पाल सिंह, माधवी, डॉ.ज्योति, राजेश बाला, रूहानी शर्मा, निशा गुप्ता, डॉ. निधान सिंह, डॉ.विक्रम कुमार तथा डॉ.प्रवीण कुमार, आकांक्षा, सोनिया विरमानी, साक्षी मुंजाल, करुणा सचदेवा, रीना रानी, रुचिका बत्रा, मनीत कौर, सुखजिंदर सिंह, जागृति रानी, निशा गोयल, आंचल, रूबी व अनु आदि मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना हरियाणा सरकार की एक सराहनीय पहल

# पानीपत से हजूर साहिब नांदेड़ के लिए श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज रेलवे स्टेशन से 90 श्रद्धालुओं को निःशुल्क रेल यात्रा पर रवाना किया गया। यह विशेष ट्रेन कुरुक्षेत्र से चलकर तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए प्रस्थान कर रही है। यात्रा 5 मई से 10 मई तक निर्धारित है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा तथा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना हरियाणा सरकार की एक सराहनीय पहल है, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर और बुजुर्ग नागरिकों को तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान करना है। शिक्षा मंत्री के भाई हरपाल ढांडा ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग धार्मिक स्थलों के दर्शन करें। इस अवसर पर डीआईपीआरओ सुनील बसताडा, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अवतार शास्त्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। नि:शुल्क रेल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते एडीसी अंकित चौकसे व गजेंद्र सलूजा। फोटो : हरिभूमि

**न्यायालय तहसीलदार-कम सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

रजत ग्रोवर पुत्र स्व० राजकुमार पुत्र ईश्वर दास निवासी मकान नम्बर 7 वार्ड नम्बर 3 इंसार चौक तहसील व जिला पानीपत व आदि
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि रजत ग्रोवर पुत्र स्व० राजकुमार पुत्र ईश्वर दास निवासी मकान नम्बर 7 वार्ड नम्बर 3 इंसार चौक तहसील व जिला पानीपत व आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थी के दादा स्व० ईश्वर दास पुत्र जसवन्त राम का दिनांक 31.08.2014 को देहान्त हो चुका है। स्व० ईश्वर दास पुत्र जसवन्त राम के देहान्त के बाद निम्न वारिस हैं:- 1. राजकुमार (पुत्र) 2. सुभाष चन्द ग्रोवर (पुत्र) 3. मदन लाल (पुत्र) 4. वर्षा रानी (पुत्री) 5. वीना रानी (पुत्री) ही जायज वारिस है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। यह कि मृतक की पत्नी स्व० लाजवन्ती का दिनांक 22.01.2010 को देहान्त हो चुका है। प्रार्थी के पिता स्व० राजकुमार पुत्र ईश्वर दास पुत्र जसवन्त राम का दिनांक 02.01.2026 को देहान्त हो चुका है व प्रार्थी की माता स्व० सीमा का दिनांक 12.06.2012 को देहान्त हो चुका है। यह कि उनकी मृत्यु के बाद निम्न वारिस है. 1. रजत ग्रोवर (पुत्र) 2. नीरज ग्रोवर (पुत्र) ही जायज वारिस है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० ईश्वर दास पुत्र जसवन्त राम के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त: तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्रीमति राजवंती पत्नी श्री भीमराज निवासी मकान नं.25, माल गोदाम रोड, अग्रवाल मण्डी, पानीपत। बनाम जनरल पब्लिक

इस इस्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि राज कुमार पुत्र श्री भीमराज निवासी मकान नम्बर 25 माल गोदाम रोड अग्रवाल मण्डी पानीपत तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तीत करने हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थीया का पुत्र राज कुमार पुत्र श्री भीमराज निवासी मकान नम्बर 25 माल गोदाम रोड अग्रवाल मण्डी पानीपत का देहान्त दिनांक 14.07.2017 को हो चुका है। राज कुमार पुत्र श्री भीमराज अविवाहित था। जिसकी विरास्त मे अकेली माता श्रीमति राजवंती माता श्री राज कुमार पुत्र श्री भीमराज वारिस है। पटवारी हल्का तथा रोकी गहलोत पार्षद नगर निगम वार्ड नम्बर 22 पानीपत द्वारा वारिस अधिकारी दर्शाये गये है जिसकी रिपोंट वारसान साथ सलंग्न है। यह कि प्रार्थीया अपने पुत्र के देहान्त बाद श्रीमति राजवंती माता श्री राज कुमार पुत्र श्री भीमराज है। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस नही है। जिसके सम्बन्ध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इस्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर 2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इस्तहार आज दिनांक 21-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.110 है।

तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

**खबर संक्षेप**

### धोखाधड़ी के मामले में महिला काबू

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने ए आरोपी महिला को कोलकता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा निरीक्षक परमवीर ने बताया कि कि शिकायतकर्ता मंदीप सिंह ने शिकायत दी थी कि आरोपी महिला ने नवंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 26 लाख 92 हजार 125 रूपये की रकम हड़प ली। न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस द्वारा आरोपी महिला की एलओसी जारी करवाई हुई थी। आरोपी महिला विदेश भागने की फिराक में थी। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए आरोपी महिला को कोलकता एयरपोर्ट से काबू किया है। आरोपी को रिमांड पर लिया गया है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को सगरानी मोड नारायणगढ़ से काबू किया। सीआईए-नारायणगढ़ टीम के उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अमित ने 26 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि मेन मार्केट से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सचिन निवासी गांव मिर्जापुर को गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल बरामद कर ली है।

### शराब तस्करी में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 95 बोतल शराब बरामद की गई है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव बिहटा में दबिश देकर आरोपी लालचंद को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी से 24 बोतल और 140 पव्वे अवैध शराब बरामद हुई। इसी तरह पुलिस ने सीबीए पार्क के पास से साहिल कुमार नामक युवक को धर दबोचा। उसके पास से 12 बोतल और 6 पव्वे अवैध शराब बरामद की गई। अंबाला शहर की शालीमार कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अनिल कुमार को 44 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंडी मोड़ के पास से आरोपी कमल कुमार को पुलिस ने 11 बोतल शराब सहित काबू किया।

## व्यवस्थित प्रचार में भाजपा आगे, कांग्रेसियों को भी जीत के लिए बहाना पड़ रहा पसीना

# नगर निगम चुनाव: प्रचार के आखिरी दौर में भाजपा-कांग्रेस ने ताकत झोंकी



**अंबाला।** चुनाव प्रचार के दौरान जलेबी बनाती भाजपा की मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### बड़े नेताओं के मैदान में आने का हो रहा है इंतजार, सांसद सैलजा ने बनाई प्रचार से दूरी

- भाजपा की ओर से पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने संभाली कमान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

नगर निगम चुनाव के आखिरी दौर में भाजपा_कांग्रेस ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा की ओर से प्रचार की कमान खुद पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने संभाली हुई है जबकि कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए विधायक निर्मल सिंह के अलावा सांसद वरूण चौधरी भी कमान संभाले हुए हैं। हालांकि व्यवस्थित प्रचार के मामले में भाजपा सियासी जमीन पर बेहद मजबूत नजर आ रही है जबकि कांग्रेस के प्रत्याशियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। प्रचार के लिए अब महज तीन दिन का समय बचा है। ऐसे में आने वाले दिनों में दोनों ही दलों के नेता जीत के लिए खूब पसीना बहाते नजर आएंगे।

### सैलजा गुट के प्रत्याशी को टिकट नहीं

नगर निगम चुनाव में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की धुर विरोधी एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने प्रचार से दूरी बनाई हुई है। इस बार निगम चुनाव में सैलजा गुट के किसी भी प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया गया है। एक समर्थक को टिकट मिला था लेकिन ऐन मौके पर उसका भी टिकट बदल दिया गया। इसी वजह से सांसद कुमारी सैलजा ने अभी तक प्रचार से पूरी तरह से दूरी बनाई हुई है। माना जा रहा है कि सैलजा निगम चुनाव में कोई नुक्कड़ सभा नहीं करेंगी। हालांकि पंचकुला में सैलजा की ओर से मेयर प्रत्याशी सुधा भारद्वाज के पक्ष में निरंतर प्रचार किया जा रहा है।

### चुनाव से बुनियादी मुद्दे हुए गायब

नगर निगम चुनाव में जनता की जरुरतों से जुड़े बुनियादी मुद्दे पूरी तरह से गायब नजर आ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी तीन राज्यों की जीत के साथ आईएमटी जैसे मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार व एनडीसी के मुद्दों पर वोट की अपील कर रहे हैं। प्रचार के दौरान पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल को भी निशाना बनाया जा रहा है जबकि खुद असीम गोयल कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह व सांसद को प्रचार के दौरान निशाने पर ले रहे हैं। दोनों ही दलों के प्रत्याशी वार्डों के विकास के प्लान को लेकर कोई बात करते नजर नहीं आ रहे हैं।

### कांटे की टक्कर

इस बार निगम चुनाव में कोई तीसरा दल न होने की वजह से पहली बार भाजपा_कांग्रेस में कांटे की टक्कर नजर आ रही है। खासकर मेयर प्रत्याशियों को भी जीत के लिए बेहद मेहनत करनी पड़ी रही है। हालांकि तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपा के ज्यादातर प्रत्याशियों के हौसले बुलंद हैं। इसी आधार पर भाजपा के ज्यादातर प्रत्याशी अपनी जीत पक्की मानकर चल रहे हैं। तीन राज्यों में मिली जीत का सभी भाजपाई प्रत्याशी खूब प्रचार भी कर रहे हैं। जबकि केरलम में जीत के बावजूद कांग्रेस के प्रत्याशी ज्यादा उत्साहित नहीं दिख रहे हैं। उन्हें चुनावी मैदान में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी कोई तीसरा दल न होने की वजह से लगभग सभी वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा को टक्कर देते दिख रहे हैं।

### कांग्रेस के पास बड़े नेताओं का अभाव

अभी तक नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के पास बड़े नेताओं का आभाव दिख रहा है। मेयर व सदस्य पद के उम्मीदवारों की जीत के लिए अभी तक कोई भी प्रदेशस्तरीय नेता प्रचार के लिए नहीं आया है। जबकि इस मामले में भाजपा बेहद आगे है। भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए खुद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल बेदी प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा भी प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रभारी सतीश पुनिया लगातार चुनाव पर नजर रखे हुए हैं। हालांकि प्रचार को धार देने के लिए आने वाले दिनों में कांग्रेस की ओर से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा के चुनावी मैदान में उतरने की बात कही जा रही है। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी प्रचार के लिए आ सकते हैं।

## सिलेंडर के रेट बढ़ाकर लोगों को लूट रही भाजपा

- आपदा को अवसर बनाकर जेब पर डाका डाल रही सरकार : पूजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा**



**बराड़ा।** विधायक पूजा चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हालिया भारी बढ़ोतरी को लेकर मुलाना की विधायक पूजा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 'आपदा को अवसर' बनाकर लगातार आम जनता की जेब पर डाका डाल रही है। 1 मई 2026 को 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में करीब ₹993 की भारी वृद्धि की गई है जिससे इसकी कीमत 2,078.50 से बढ़कर 3,071.50 से भी अधिक हो गई है। 7 मार्च 2026 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 60 की बढ़ोतरी की गई थी। इसके अलावा, छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 261 की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले चार महीनों में कमर्शियल सिलेंडर 1,500 से अधिक महंगा हो चुका है, जो सीधे तौर पर छोटे व्यापारियों, ढाबा संचालकों और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रहा है। इसका असर आम जनता की थाली पर पड़ेगा और खाने-पीने की वस्तुएं महंगी होना तय है। विधायक ने आरोप लगाया कि देश पहले ही महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहा है, ऐसे में यह बढ़ोतरी आग में घी डालने का काम कर रही है। छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं, लेकिन सरकार को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जताई गई महंगाई बढ़ने की आशंका अब सच साबित हो रही है। सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और परिवारों के लिए खर्च चलाना मुश्किल होता जा रहा है। विधायक पूजा ने केंद्र सरकार से मांग की कि गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत वापस लिया जाए, ताकि आम जनता और छोटे कारोबारियों को राहत मिल सके।

### आईटीआई कैंपस प्लेसमेंट में 116 प्रशिक्षुओं का चयन

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद के परीक्षा सभागार में मंगलवार को आयोजित रोजगार एवं प्लेसमेंट मेले में 116 प्रशिक्षुओं का चयन देश की विभिन्न नामी कंपनियों में किया गया। इस कैंपस ड्राइव का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें युवाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य ने जानकारी देते बताया कि मेले में भाग लेने के लिए तकनीकी ट्रेडों के 120 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया था। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सबसे पहले छात्रों को उनके कार्य प्रोफाइल और कंपनी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। जिसके बाद लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। चयन प्रक्रिया के समापन के बाद कुल 116 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

## दूध कैंटर को चोरी कर डेढ़ किमी दूर खड़ा कर वाहन में सोया आरोपी

**अंबाला।** अंबाला छावनी में जगाधरी हाईवे पर क्रबिस्तान के बाहर खड़े दूध से भरे टाटा 407 कैंटर की चोरी का अनोखा मामला सामने आया है। चोर कैंटर लेकर भागा जरूर लेकिन वारदात स्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गाड़ी खड़ी कर उसी में सो गया। कई घंटे की तलाश के बाद कैंटर लावारिस मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची, तो आरोपी अंदर ही सोता मिला। उसे काबू कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बोह गांव के विशाल ने बताया कि उसके पास अमूल दूध की डिस्ट्रीब्यूटरशिप है। रोजाना की तरह उन्होंने अपना टाटा 407 कैंटर अंबाला-जगाधरी हाईवे स्थित क्रबिस्तान के पास खड़ा किया था। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे एक चोर कैंटर को लेकर फरार हो गया। घटना का पता चलते ही विशाल ने पुलिस को सूचना दी। खुद भी टोल प्लाजा व अन्य रास्तों पर लगे सीसीटीवी खंगालने शुरू किए। इस दौरान कैंटर में रखी दूध की थैलियों और करीब 200 क्रेट की सप्लाई रुक गई जिससे दुकानदारों में हलचल मच गई।पुलिस ने जब कैंटर की जांच की, तो अंदर आरोपी गहरी नींद में सोता मिला। आरोपी की पहचान बिहटा गांव के टिंकू के रूप में हुई है।

### छात्रों ने रंगों से दर्शाया ईको- टूरिज्म एवं पर्यटन



**अंबाला।** राजकीय महाविद्यालय अंबाला कैंट के पर्यटन विभाग द्वारा बीटीटीएम के विद्यार्थियों के लिए दो रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टूरिज्म फॉर टुमारो विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने सतत पर्यटन, ईको- टूरिज्म व जिम्मेदार पर्यटन को रंगों के माध्यम से दर्शाया। विद्यार्थियों ने माई ड्रीम डेस्टिनेशन विषय पर टूर ब्रोशर मेकिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया। लद्दाख, गोवा, मथुरा - वृन्दावन, केरल जैसे स्थलों पर आकर्षक ब्रोशर बनाकर गंतव्य प्रचार कौशल दिखाया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ देशराज बाजवा ने पर्यटन विभाग की प्रोफेसर शिखा भट्ट को बधाई दी। प्राचार्य ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. पूजा गोयल, प्रो. कविता नरवाल, प्रोशेफाली, प्रो. प्रीति, डॉ. तंजुम कांबोज व प्रो. वदना ने निभाई। अंत में प्रतियोगिताओं की आयोजक डॉ. शिरखा भट्ट ने विद्यार्थियों को सुरक्षित व जिम्मेदार पर्यटन की शपथ भी दिलाई ।

## जिप सदस्य पंकज ने ग्राम माजरा में खिलाड़ियों को भेंट की क्रिकेट किट

- खेल युवाओं में विकसित करते हैं मजबूती और अनुशासन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर**



**शहजादपुर।** क्रिकेट किट के साथ खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

जिला परिषद के वार्ड नं 3 से सदस्य पंकज सैनी ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने गांव माजरा (शहजादपुर) पहुँचकर स्थानीय खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भेंट की, ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा को और निखार सकें। सैनी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पंकज सैनी ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत से ऊपर उठकर खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति और बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि गौरव गुप्ता,दीपक सैनी,कैप्टन सि वा स , हि मां शु , वि नी त ऑरियन,मोहित सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिला चिकित्सक पर दो केसों में फर्जी ओपिनियन देने का आरोप

- परिवार ने सीएम से लगाई गुहार, ओपिनियन से परिवार के 19 लोगों पर दर्ज हुआ केस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

मलौर गांव के रहने वाले एक परिवार ने सीएचसी चौड़मस्तपुर में तैनात एक चिकित्सक पर दो मामलों में फर्जी मेडिकल ओपिनियन देने के आरोप लगाए हैं। परिवार की ओर से इस सिलसिले में सीएम नायब सैनी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक व एसपी को भी शिकायत देकर पूरे मामले की जांच का आग्रह किया है। परिवार के मुखिया सलिंद्र कुमार पुत्र जसमेर सिंह की ओर से दी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चिकित्सक के फर्जी ओपिनियन के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ 19 लोगों के खिलाफ दो झूठे केस दर्ज किए हैं। इन केसों की वजह से उन्हें मानसिक व शारीरिक तौर पर बेहद परेशानी झेलनी पड़ी। सलिंद्र का आरोप है कि पुलिस ने दोनों केसों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आरोपी बनाया है।

### आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में हुई एफआईआर

शिकायत में सलिंद्र ने बताया कि उसके व उसके परिवार के 19 लोगों के खिलाफ गांव के ही साहिल पुत्र नाथीराम व उसके चाचा संजय कुमार पुत्र नर सिंह ने दो झूठे केस दर्ज करवाए हुए हैं। इन केसों को दर्ज करवाने में चौड़मस्तपुर सीएचसी में तैनात एक महिला चिकित्सक की अहम भूमिका है। उसने बताया कि साहिल पुत्र नाथीराम ने उसके छोटे भाई श्याम की पत्नी रोमा की की इंस्टाग्राम आईडी से छेड़छाड़ कर अपने साथ उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। इन फोटो के जरिए उसने कई बार मेरी भाभी को ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। नग्गल पुलिस ने साहिल के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं के तहत एफआईआर नंबर 33 दर्ज की हुई है। इस केस में आरोपी साहिल की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज हो चुकी है। मगर अभी तक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

## सीआरपीएफ कमांडेंट कमल सिसोदिया ने बांटे जरूरतमंद दिव्यांगों को उपकरण

- व्यक्ति हर स्थिति में प्रसन्नचित ईश्वर के प्रति बने कृतज्ञ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**



13वीं बटालियन सीआरपीएफ की कमांडेंट कमल सिसोदिया ने संवेदनशीलता और सामाजिक कल्याण की अपनी वैचारिक भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपना जन्मदिन दिव्यांगजनों, बुजुर्गों एवं समाज के वंचित वर्गों के बीच मनाया और उन्हें हर स्थिति में प्रसन्नचित इश्वर के प्रति कृतज्ञ बने रहकर कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने गुलाटी भवन सेक्टर 33 चंडीगढ़ में जरुरतमंदो को व्हीलचेयर, चलने-फिरने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए कृत्रिम पैर, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए एआई आधारित स्मार्ट चश्मे तथा श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए हियरिंग एड के साथ भोजन सामग्री का वितरण किया। इन प्रयासों का उद्देश्य उनकी जरुरतमंदो को आवश्यकतानुसार गतिशीलता, आत्मनिर्भरता, गरिमा और जीवन स्तर में सुधार लाने का है। यह पहल तेरा तेरा फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुई, जिसके सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई और इस पुनीत कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### लोगों को दिए तनावमुक्त जीवन जीने के टिप्स



**बराड़ा।** शैमफोर्ड विद्यालय में शांति एवं सद्भावना अभियान का भव्य और भावनात्मक आयोजन किया गया, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों के मन में सकारात्मकता की नई रोशनी जगा दी। कार्यक्रम विद्यालय के चेयरमेन इंद्रजीत सिंह एवं प्रधानाचार्या रुबी शर्मा के मार्गदर्शन में ब्रह्मकुमारिज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष रहे, जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर विद्यालय परिवार ने बड़े सम्मान और आत्मीयता के साथ किया। उनके साथ बहन नेहा, बहन चेतना, बहन स्वीटी, बहन परवीन, बहन मेघा, बहन मानसा, जसवंत भाई, राकेश भाई सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रातःकालीन सत्र में विद्यार्थियों के लिए तनावमुक्त जीवन विषय पर विशेष चर्चा हुई। संतोष भाई ने अपने सरल, लेकिन गहरे विचारों से विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन और आत्मविश्वास का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हमारे विचार ही हमारी दिशा तय करते हैं।

### सभी दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए 10 मई को वेतन सहित अवकाश घोषित: तोमर

**अंबाला।** जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने कहा कि श्रम विभाग, द्वारा सूचित हरियाणा के राज्यपाल द्वारा नगर निगम चुनाव-2026 के मद्देनजर 10 मई 2026 (रविवार) को जिले के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए वेतन सहित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अवकाश केवल उन श्रमिकों व कर्मचारियों के लिए मान्य होगा जो नगर निगम चुनाव-2026 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु पंजीकृत पात्र मतदाता हैं। जिलाधीश ने सभी दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान संचालकों को निर्देश दिए कि वे अधिसूचना में जारी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि सभी पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से प्रयोग कर मतदान कर सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी श्रमिक अथवा कर्मचारी को मतदान करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### दिल्ली-जाखल ट्रेन के समय मालगाड़ी को रवाना किया, यात्री परेशान

**जींद।** सोमवार रात को 54035 दिल्ली-जाखल पैसेंजर के निर्धारित समय पर मालगाड़ी को ट्रैक पर चला दिया गया। गाड़ी को आधा घंटा तक वहीं खड़ा रखाख जिससे हालात ऐसे बन गए कि यात्री मच्छरों और गर्मी के बीच परेशान होते नजर आए। दिल्ली-जाखल पैसेंजर सोमवार रात को जींद पहुंची थी। यात्रियों को उम्मीद थी कि गाड़ी निर्धारित समय पर आगे के लिए रवाना होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गाड़ी के आने से पहले ही मालगाड़ी को ट्रैक पर रवाना कर दिया गया। जिससे सवारी दिल्ली-जाखल को रोकना पड़ा। इसके बाद दिल्ली से चलकर कुरुक्षेत्र जाने वाली 14023 डीएमयू भी पहुंच गई। उसके आउटर पर पहुंचते ही दिल्ली-जाखल पैसेंजर के चलने की अनाउंसमेंट कर दी और कुछ देर बाद गाड़ी को रवाना कर दिया।

### एसडीएम ने शिक्षकों के साथ मीटिंग कर विस्तार से की चर्चा

## विद्यालय में कंप्यूटर व पुस्तकों की हो पर्याप्त उपलब्धता : सिवाच

### विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सुधारात्मक उपायों पर हुआ मंथन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा**



**बराड़ा।** बैठक में लोगों से जानकारी लेते हुए एसडीएम।

विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में उपमंडल अधिकारी सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी ने शिक्षकों से उनके विषयों से जुड़ी समस्याओं, सुझावों तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार की जाएं और कक्षा में उनकी सहभागिता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही आधुनिक एवं नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्लोगन लेखन, टेलीग्राफिक्स, ड्राइंग, पेंटिंग एवं कार्ड मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं के नियमित आयोजन के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए मोटिवेशनल लेक्चर, योग एवं खेल गतिविधियों को भी नियमित रूप से शामिल करने की बात कही गई। डिजिटल शिक्षा के विस्तार पर बल देते हुए विद्यालय में कंप्यूटर, पुस्तकों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विज्ञान प्रदर्शनी तथा शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिल सके। दाखिला बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार, मैगजीन एवं पंपलेट के माध्यम से जागरूकता फैलाने तथा नियम 134 ए के तहत दाखिले संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए।